कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 श्री मदनलाल जी मिश्रा ठेकेदार मिश्रा सदन पंचायत समिति रोड दौसा जिला दौसा पिन कोड– 303303

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा
अपील सं0 10/2020

निर्णय

दिनांक : 23.03.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा से संबंधित है। इस कार्यालय के पत्रांकः डीएम/कोर्ट/2020/754 दिनांक 04.03.. 2020 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा ने पत्रांक 243 दिनांक 06.03. 2020 द्वारा अवगत करवाया कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी (सामान्य शाखा) कलेक्ट्रेट दौसा से प्राप्त होने पर दिनांक 06.03.2020 को आवेदक को दे दी गई है। चूँकि अपीलांट को सूचना प्राप्त हो चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अखिल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा